लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 07 May 2023

NBT PAGE 6

एलयू में बनेगा सेंटर फॉर इंडिक नॉलेज सिस्टम सेंटर

■ एनबीटी सं, लखनऊ

छात्र-छात्राओं ने लाइब्रेरी टूर में देखी संविधान की मूल प्रति

एलयू में सेंटर फॉर इंडिक नॉलेज सिस्टम सेंटर की स्थापना होगी। एलयू में शनिवार को एनईपी को लेकर हुई बैठक में इस फैसले पर सहमति दी गई। भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के लिए उठाया यह कदम

लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि एनईपी की इस बैठक में 18 बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में सेंटर फॉर इंडिक नॉलेज सिस्टम की स्थापना किए जाने पर फैसला लिया गया है। इस केंद्र की डायरेक्टर प्रो. आंचल श्रीवास्तव को बनाया गया है। इस सेंटर की मदद से स्टूडेंट्स को किसी भी विषय में गहनता से ज्ञान मिल सकेगा। हर कोर्स के हिसाब से भारतीय ज्ञान परंपरा को शामिल किया जाएगा। इससे एनईपी के तहत छात्र-छात्राओं को काफी मदद मिल सकेगी।

पार्ट टाइम पीएचडी के दो विषयों के नतीजे जारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू ने शनिवार को व्यवसाय प्रशासन और वाणिज्य विषय में सत्र 2022-23 के लिए पार्ट टाइम पीएचडी के चयनितों की लिस्ट जारी कर दी है। डीन एडमिशन प्रो.वीके शर्मा ने बताया कि चयनितों को 16 मई तक फीस जमा करनी होगी। इसके लिए चयनित एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर अपने नाम देख सकते हैं। कोई समस्या होने पर एलयू प्रशासन से सम्पर्क कर सकते हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

गर्भ संस्कार कोर्स पढ़ने के लिए आ रहे डॉक्टर व नर्स भी

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में गर्भ संस्कार कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को मानव विकास व लाइफ मैनेजमेंट की भी पढ़ाई कराई जाएगी। महिला अध्ययन संस्थान में चलने वाले पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार कोर्स में छात्रों को मेंटल हेल्थ, न्यूट्रीशियन, न्यूरोलॉजिकल डेवलपमेंट और गर्भ में शारीरिक व मानसिक समस्याओं सहित अन्य विषयों की पढ़ाई कराई जाती है।

30 सीटें इस कोर्स के लिए विवि में शामिल की गईं

- दक्षिण समेत गुजरात और हैदराबाद से संपर्क
- एलयू की वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य

समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने बताया कि इस कोर्स को करने के लिए दूरदराज से छात्र संपर्क कर रहे हैं। साथ ही आम छात्रों के अलावा डॉक्टर व नर्स भी इस एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा में रुचि ले रहे हैं।

अब तक दक्षिण भारत के कई राज्यों समेत गुजरात व हैदराबाद सहित देश के अन्य कोनों से 20-25 चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने संपर्क किया है। डॉ. मानिनी के मुताबिक बीते तीन वर्षों से चलने वाले इस कोर्स में बच्चे के गर्भ में रहने से लेकर उसके जीवन विकास व पालन-पोषण की जानकारी दी जाती है। मां की शारीरिक व मानसिक स्थिति का प्रभाव गर्भ में रहने वाले बच्चे के विकास पर होता है।

विश्वविद्यालय में गर्भ संस्कार में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा और छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स कराया जा रहा है। इसमें 30 सीटें हैं। कोर्स में दाखिले के लिए एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके पूर्व लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव का कहना है कि गर्भ संस्कार कोर्स की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी काउंसलर, प्रेग्नेंसी कोच, न्यूट्रीशियन सहित अन्य सरकारी व निजी क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं।

लाइब्रेरी टूर में शोधार्थियों ने संविधान की प्रति देखी

लखनऊ। एलयू में शनिवार को सत्र 2022-23 के नए पीएचडी शोधार्थियों को लाइब्रेरी टूर कराया गया। यहां शोधार्थियों ने टैगोर लाइब्रेरी में रखे अथर्ववेद, कुरान, भारतीय संविधान, गुरू ग्रंथि साहब की मूल प्रतियां व दशकों पुरानी पेंटिंग देखी। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला द्वारा आयोजित इस टूर में विभाग के अंतर्राष्ट्रीय व नियमित शोधार्थियों के लिए यह अनुभव खास रहा।

पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं 15 व 17 को

लखनऊ। पीएचडी सत्र 2021-22 के कामर्स विभाग के शोधार्थियों की कोर्सवर्क परीक्षाएं 15 व 17 को आयोजित की जाएंगी। 15 को पहला पेपर एनालिटिकल टेक्निक्स फॉर बिजनेस रिसर्च और 17 को कंटेम्प्ररी इश्यूज ऑफ कामर्स एंड बिजनेस स्टडीज का दूसरा पेपर होगा। दोनों पेपर का समय सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगा।

एलयू में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर शनिवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एनईपी को लेकर सरकार की एक महत्वपूर्ण बैठक होनी है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

शोध छात्रों ने देखीं वेदों और पांडुलिपियों की मूल प्रतियां

लखनऊ। लविवि में शनिवार को मनोविज्ञान विभाग की ओर से लाइब्रेरी टूर का आयोजन किया गया। इसमें सत्र 2020-23 के पीएचडी अभ्यर्थियों ने विवि स्थित टैगोर लाइब्रेरी में मौजूद प्राचीन पांडुलिपियों, वेद, कुरान व अन्य ग्रंथों की मूल प्रतियां देखीं। शोधार्थियों को साइबर लाइब्रेरी की शैक्षणिक व आधुनिक सुविधाओं के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. अर्चना शुक्ला ने बताया कि शोधार्थियों का टैगोर पुस्तकालय भ्रमण कई मायनों में खास रहा। इसमें देश के छात्रों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। (संवाद)

AMRIT VICHAR PAGE 4

पीएचडी के छह विषयों की फीस जमा करने का आज अंतिम दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार :लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी सत्र 2022-23 के बचे छह विषयों का रिजल्ट जारी कर सीट एलॉटमेंट भी कर दिया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि मानवशास्त्र, गृह विज्ञान, विधि, राजनीति विज्ञान, मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास और पुस्तकालय विज्ञान का परिणाम जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थियों को 7 मई तक पूर्व में दी गई लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके अपनी फीस जमा करनी होगी।

पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं 15 व 17 को

अमृत विचार, लखनऊ : पीएचडी सत्र 2021-22 के कामर्स विभाग के शोधार्थियों की कोर्स वर्क परीक्षाएं 15 व 17 को आयोजित की जाएगी। 15 को पहला पेपर एनालिटिकल टेक्निक्स फॉर बिजनेस रिसर्च और 17 को कंटेम्प्ररी इश्यूज ऑफ कामर्स एंड बिजनेस स्टडीज का दूसरा पेपर होगा। दोनों पेपर का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगा। शोधार्थियों को निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखना होगा ताकि परीक्षा के समय किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न होने पाए। इस संबन्ध में दिशानिर्देश भी जारी किये गये है।

ज्ञान के भंडार के साथ रीडिंग स्किल बढ़ाती है लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की टैगोर लाइब्रेरी का भ्रमण करते पीएचडी शोधार्थी। अमृत विचार

शैक्षिक भ्रमण

- अलग-अलग संस्थानों से शोधार्थी पहुंचे लखनऊ विश्वविद्यालय के पुस्तकालय

अमृत विचार : किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए लाइब्रेरी एक प्रमुख अंग होती है। लाइब्रेरी में जहां ज्ञान का भंडार होता है वहीं दूसरी ओर हमारी रीडिंग स्किल को भी बढ़ावा मिलता है। ये बात शनिवार को अलग-अलग संस्थानों से लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचे नियमित पीएचडी शोधार्थियों ने कही। शोधार्थियों ने यहां की एतिहासिक टैगोर लाइब्रेरी को भी देखा। विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के नए सत्र में आए शोधार्थी, अंतरराष्ट्रीय और नियमित पीएचडी शोध छात्र/छात्रायें भ्रमण में शामिल हुए।

मनो विज्ञानविभाग की ओर से टैगोर पुस्तकालय और साइबर लाइब्रेरी 'लाइब्रेरी टूर' का आयोजन किया गया।

इस बारे में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला ने कहा कि इस इस टूर का उद्देश्य टैगोर पुस्तकालय और साइबर लाइब्रेरी द्वारा प्रदान किए गए मूल्यवान शैक्षणिक संसाधनों और सुविधाओं से नए शोध छात्रों को अवगत कराना था। इसमें अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च स्कॉलर मॉरीशस की दर्शिका रामप्रसाद और वियतनाम के टाइगर टान ने पुस्तकालय का दौरा किया। साथ ही बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय, एम्स दिल्ली जैसे संस्थानों से परास्नातक करने वाले नियमित पीएचडी शोधार्थी भी सम्मिलित हुए।

इस मौके पर टैगोर पुस्तकालय के मानद लाइब्रेरियन प्रोफेसर डी आर साहू, टैगोर पुस्तकालय की से ज्योति मिश्रा और ममता वैश्य भी उपस्थित रहीं।

JAGRAN CITY PAGE III

पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश की चयन सूची जारी

लवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और कामर्स में प्रवेश के लिए चयनित नामों पर लगाई मुहर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने रेगुलर पीएचडी के बाद अब सत्र 2022-23 के लिए पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए भी परिणाम जारी करने शुरू कर दिए हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद शनिवार को वाणिज्य और व्यापार प्रशासन

विषय में प्रवेश के लिए चयनितों की सूची जारी की गई। जिनके नाम चयन सूची में हैं, उन्हें www.lkouniv.ac.in के माध्यम से 16 मई तक शुल्क जमा करना होगा।

लवि ने रेगुलर की 1231 सीटों के साथ-साथ पार्ट टाइम पीएचडी की 50 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू की थी। 16 विषयों में पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया 31 मार्च से 12 अप्रैल तक पूरी की गई थी। विभागीय शोध समिति के माध्यम से इस प्रक्रिया के बाद अर्ह अभ्यर्थियों की सूची अनुमोदन के लिए कुलपति के पास भेजी गई थी। इनमें से दो विषयों में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। डीन एडमिशन प्रोफेसर वीके शर्मा ने बताया कि जल्द ही अन्य विषयों की भी सूची जारी होगी।

पार्ट टाइम पीएचडी के इन विषयों में सीटें तय : अंग्रेजी आठ, फ्रेंच एक, परशियन एक, रक्षा अध्ययन दो, उर्दू एक, हिन्दी तीन, समाज कार्य एक, सांख्यिकी आठ, रसायन विज्ञान तीन, भौतिक विज्ञान 12, जंतु विज्ञान तीन, व्यावहारिक अर्थशास्त्र एक, ललित कला चित्रकला एक, अरेबिक-अरब कल्चर दो सीटें।

रेगुलर पीएचडी में सीट आवंटन: रेगुलर पीएचडी के सात और विषयों में सीट आवंटन कर दिया गया। एजुकेशन, साइकोलाजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बायो केमिस्ट्री, कामर्स, सोशियोलाजी और हिन्दी विषय में आठ मई तक फीस जमा कर सकते हैं।

परीक्षा 15, 17 को : लवि का कामर्स विभाग 2021-22 की पीएचडी कोर्स वर्क की 15 मई को एनालिटिकल टेक्निक्स फार बिजनेस रिसर्च पेपर-1 और 17 मई को कान्टेम्प्रेरी इश्यूज फार कामर्स एंड बिजनेस स्टडीज पेपर-2 विषय की परीक्षा आयोजित करेगा।

बीएड प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 11 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 11 मई को बीएड प्रथम सेमेस्टर (2022-24) एजुकेशनल साइकोलाजी की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित करेगा। शिक्षा संकाय के डीन प्रो.दिनेश कुमार ने बताया कि बीएड प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सुबह 9.30 बजे विभाग में रिपोर्ट करनी होगी। साथ प्रैक्टिकल फाइल भी लाना है। (जास)

विद्यार्थियों को पसंद आई टैगोर लाइब्रेरी

लखनऊ : लवि के मनोविज्ञान विभाग ने शनिवार को नए सत्र में आए अंतरराष्ट्रीय और नियमित पीएचडी के शोधा छात्र-छात्राओं के लिए टैगोर पुस्तकालय और साइबर लाइब्रेरी 'लाइब्रेरी टूर' का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय रिसर्च स्कालर-मारीशस की दर्शिका रामप्रसाद और वियतनाम के टाइगर टान ने पुस्तकालय का दौरा किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, पटना और कानपुर विश्वविद्यालय के शोधार्थी भी सम्मिलित हुए। (जास)

खुलेगा भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुपालन में जल्द ही भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित एक केंद्र स्थापित करेगा। इसके तहत स्नातक एवं परास्नातक के छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित विज्ञान, दर्शन पढ़ाया जाएगा। शनिवार को कुलपति प्रो आलोक राय की अध्यक्षता में एनईपी की समीक्षा बैठक में इस पर सहमति बनी।

i-NEXT PAGE 4

एलयू में आई पार्ट टाइम पीएचडी में एडमिशन की लिस्ट

i UPDATE

LUCKNOW16 May!: लखनऊ विश्वविद्यालय ने रेगुलर पीएचडी के बाद अब सत्र 2022-23 के लिए पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए भी परिणाम जारी करने शुरू कर दिए हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद शनिवार को वाणिज्य और व्यापार प्रशासन विषय में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक जिन अभ्यर्थियों के नाम चयन सूची में हैं, उन्हें वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से 16 मई तक शुल्क जमा करना होगा.



16 मई तक जमा करना होगा शुल्क

- एलयू ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और कामर्स विषय में प्रवेश के लिए चयनित नामों पर लगाई मुहर

वीसी के पास भेजी गई थी

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने रेगुलर की 1231 सीटों के साथ-साथ पार्ट टाइम पीएचडी की 50 सीटों पर दाखिला की प्रक्रिया शुरू की थी। 16 विषयों में पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया 31 मार्च से 12 अप्रैल तक पूरी की गई थी। विभागीय शोध समिति (डीआरसी) के माध्यम से इस प्रक्रिया के बाद अर्ह अभ्यर्थियों की सूची अनुमोदन के लिए कुलपति के पास भेजी गई थी। इनमें से दो विषयों में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। डीन एडमिशन प्रोफेसर वीके शर्मा ने बताया कि जल्द ही अन्य विषयों की भी सूची जारी होगी।

पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा 15, 17 मई को होगी

लखनऊ यूनिवर्सिटी का कामर्स विभाग सत्र 2021-22 की पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा 15 व 17 मई को आयोजित करेगा. 15 मई को एनालिटिकल टेक्निक्स फार बिजनेस रिसर्च पेपर-1 और 17 मई को कान्टेम्प्ररी इश्यूज फार कामर्स एंड बिजनेस स्टडीज पेपर-2 विषय की परीक्षा होगी.

पार्ट टाइम पीएचडी के इन विषयों में सीटें तय

आंग्ल आठ, फ्रेंच एक, परशियन एक, रक्षा अध्ययन दो, उर्दू एक, हिन्दी तीन, समाज कार्य एक, सांख्यिकी आठ, रसायन विज्ञान तीन, भौतिक विज्ञान 12, जंतु विज्ञान तीन, व्यावहारिक अर्थशास्त्र एक, आर्केड- अरब कल्चर दो सीटें.

रेगुलर पीएचडी में सीट आवंटन

रेगुलर पीएचडी के सात और विषयों में सीट आवंटन कर दिया गया. अप्लाईड एकोनामिक्स, साइकोलाजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बायो केमिस्ट्री, कामर्स, सोशियोलाजी और हिन्दी विषय में आठ मई तक फीस जमा कर सकते हैं.

बीएड प्रथम सेमेस्टर के प्रैक्टिकल

लखनऊ विश्वविद्यालय 11 मई को बीएड प्रथम सेमेस्टर (2022-24) एजुकेशनल साइकोलाजी की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित करेगा. शिक्षा संकाय के डीन प्रो.दिनेश कुमार ने बताया कि बीएड प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सुबह 9.30 बजे विभाग में रिपोर्ट करनी होगी. अपने साथ प्रैक्टिकल फाइल भी लाना है.